तापमान

अधिकतम 29.9 डिग्री
न्यूनतम 7.3 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 11 नवंबर, 2025



12 खिजरपुरा के दिव्यांश ने स्टेट गेम्स में जीता कांस्य पदक





12 केसरी स्कूल ने कुशल बिजनेस चैलेंज में मारी बाजी




## खबर संक्षेप

### महिला से दुराचार करने का आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर में दर्ज महिला दुराचार कर निजी फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने के मामले में पुलिस ने आरोपी रविंद्र कुमार को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पीड़ित महिला ने 30 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 12 फरवरी 2024 को आरोपी रविंद्र कुमार ने उसकी पुत्री से दुराचार कर निजी फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### कार की टक्कर लगने से युवक की मौत

**पानीपत।** पानीपत में गांव सनौली के पास हरिद्वार हाईवे पर कार की टक्कर लगने से आशीष शर्मा निवासी जिला शामली, उत्तर प्रदेश की मौत हो गई। थाना सनौली प्रभारी वेदपाल ने बताया कि आशीष की मौत के केस में अज्ञात कार ड्राइवर पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज किया गया। वहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद आशीष का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस केस की जांच शुरू कर दी है।

### हादसे में घायल युवक की अस्पताल में मौत

**पानीपत।** पानीपत के सेक्टर-29 थाना क्षेत्र के भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) रोड पर सोमवार को सड़क हादसे में एक अज्ञात युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने घायल युवक को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान घायल की मौत हो गई। मृत की शिनाख्त नहीं हुई है। पुलिस ने केस दर्ज कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ई रिक्शा चालक से लूट का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** ऑपरेशन ट्रेक डाउन के तहत पानीपत पुलिस द्वारा अपराधियों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। सीआईए टू पुलिस टीम ने ई रिक्शा चालक गगन को बंधक बना ई रिक्शा व नगदी लूट के आरोपी प्रमोद उर्फ पम्मा पुत्र चुहड निवासी जाटल रोड सौंधापुर चौक को गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित ने बताया की लूट की वारदात बारे थाना पुराना औद्योगिक में विकास नगर निवासी गगन की शिकायत पर केस दर्ज है।

### नशा तस्कर को तीन साल का कठोर कारावास

**पानीपत।** एएसजे योगेश चौधरी की अदालत ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोपी वसीम पुत्र नफीस निवासी मोहल्ला मुल्तानिया, कैराना, जिला शामली, उत्तर प्रदेश को दोषी करार देते हुए तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। वहीं वसीम पर पचास हजार रूपये का जुर्माना किया। जुर्माना नहीं देने पर वसीम को छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। सीआईए ने वसीम को मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में पकडा था।

### हिंद की चादर लाइट एंड साउंड शो का आयोजन आज

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हिंद की चादर लाइट एंड साउंड शो का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम 11 नवंबर को सीआरएसयू के ऑडिटोरियम हाल में शाम सात बजे से 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कहा कि यह कार्यक्रम गुरु जी के जीवन आदर्शों, उनके बलिदान और अमर विरासत को समर्पित होगा।

### प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए 15 तक जमा करवाएं आवेदन

**जींद।** केंद्र सरकार की ओर से लोक प्रशासन में उत्कृष्टता को लेकर प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए पंजीकरण और आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए निर्धारित शर्तें और मापदंड पूरे करने वाले प्रार्थी 15 नवंबर तक आवेदन जमा करवा सकते हैं।

## हरियाणा स्टेट चैंपियनशिप आज से अंबाला के बड़ागढ़ में

# 2500 खिलाड़ी दिखाएंगे दम, सीएम करेंगे शुभारंभ

- हॉकी एस्ट्रोट्रफ मैदान और 4 लेन सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का भी किया जाएगा शिलान्यास, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि 11 नवंबर को खेल विभाग के सौजन्य से आधुनिक खेल परिसर बड़ागढ़ में हरियाणा स्टेट चैंपियनशिप-2025 का शुभारंभ प्रातः 11 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों की एक बैठक लेकर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

- उपायुक्त ने अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें दिशा-निर्देश जारी किए

उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जहां हरियाणा स्टेट चैपियनशिप-2025 का शुभारंभ करेंगे वहीं आधुनिक खेल परिसर बड़ागढ़ में हॉकी एस्ट्रोट्रफ मैदान और 4 लेन सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का भी शिलान्यास करेंगे।

उपायुक्त ने बैठक के क्रम में कार्यक्रम स्थल पर मंच की व्यवस्था के साथ-साथ खिलाड़ियों को लाने ले जाने, बैठने की, शौचालयों, पेयजल, यातायात तथा मेडिकल व्यवस्था के साथ-साथ फॉयर ब्रिगेड की व्यवस्था के अलावा जो अन्य आवश्यक कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल के आसपास सफाई व्यवस्था के साथ-साथ सड़कों के पैच वर्क को पूरा करने के निर्देश दिए। इस मौके पर कार्यकारी खेल अधिकारी राम स्वरूप ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि खेल विभाग के सौजन्य से 11 से 13 नवंबर तक राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लगभग 2500 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। आधुनिक खेल परिसर बड़ागढ़ में वॉलीबाल व हैड बॉल की प्रतियोगिताएं होगीं। जबकि तैराकी व बैडमिंटन की प्रतियोगिता अंबाला छावनी के वार हीरोज स्टेडियम में होगी। इसी प्रकार बॉस्केटबॉल व एथलेटिक्स की प्रतियोगिताएं पंचकुला में होगी। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों के ठहरने के लिए सभी व्यवस्थाएं कर ली गई है। कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग अमित मलिक ने बताया कि आधुनिक खेल परिसर बड़ागढ़ में हॉकी एस्ट्रोट्रफ मैदान और 4 लेन सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के निर्माण कार्य पर अनुमानित लगभग 1671.61 लाख रूपए की लागत आएगी। हॉकी एस्ट्रोट्रफ ग्राउंड, फल्ड लाईट के साथ एफआईएच अनुमोदित, 4 लेन सिंथेटिक ट्रेक, 315 केवीए सब स्टेशन और डीजी सैट, आरओ युक्त वॉटर कूलर तथा सौलर पांवर प्लांट लगाए जाने का प्रावधान है।




अंबाला। मीटिंग में मौजूद अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### खिलाड़ियों को मिलेगा लाभ

*उपायुक्त ने बैठक में बताया कि इन कार्यों की सौगात मिलने पर गांव बड़ागढ़ के साथ-साथ बनौंदी, भरांपुर, तंदवाल, छोटी बस्सी, बड़ी बस्सी के साथ-साथ नजदीक लगते गांव व शहजादपुर व नारायणगढ़ क्षेत्र के खिलाड़ियों को इसका लाभ मिलेगा।*

### ये रहे मौजूद

बैठक में एसीयूटी राहुल कंवरिया, एसडीएम शिवजीत भारती, सीईओ जिला परिषद् गगनदीप सिंह, नगराधीश अभिषेक गर्ग, अतिरिक्त नगर निगम आयुक्त दीपक सूरा, कार्यकारी जिला खेल अधिकारी राम स्वरूप, जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा, जीएम रोडवेज अश्विनी ढोगरा, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, कार्यकारी अभियंता अमित मलिक, बीडीपीओ जोगेश, बीडीपीओ शबनम, एडीआईओ शुभम जोधा मौजूद रहे।

# 'वंदे भारत' का सांसद जिंदल के समर्थकों ने किया अभिनंदन



कुरुक्षेत्र। 'वंदे भारत' ट्रेन के ड्राइवर का मुंह मीठा कराते सांसद नवीन जिंदल के समर्थक। फोटो : हरिभूमि

## समाजसेवी विनोद गर्ग के नेतृत्व में यात्रियों पर फूल बरसाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों से कुरुक्षेत्र में ठहराव की मंजूरी के बाद यात्रियों का पहला काफिला लेकर पहुंची वंदे भारत ट्रेन के स्टाफ और यात्रियों का सांसद नवीन जिन्दल समर्थकों की ओर से भव्य अभिनंदन किया गया।

जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य समाजसेवी विनोद गर्ग के नेतृत्व में यात्रियों पर फूल बरसाए गए और वंदे भारत के चालक ओंकेश्वर एवं सहचालक अंजलि को फूल मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया। समाजसेवी विनोद गर्ग ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल ने रेलवे मंत्रालय से बात करके पिछले दिनों इस ट्रेन के ठहराव को कुरुक्षेत्र स्टेशन पर मंजूरी दिलवाई थी। इससे कुरुक्षेत्र में प्रतिवर्ष आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि फिरोजपुर से सुबह 7 बजकर 55 पर यह ट्रेन चलेगी। जो भटिंडा, धूरी, पटियाला, अंबाला, कुरुक्षेत्र व पानीपत होते हुए 2 बजकर 35 पर दिल्ली पहुंचेगी। 12 बजकर 28 मिनट पर कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पर इस ट्रेन का ठहराव होगा। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र को पर्यटन एवं श्रद्धा की दृष्टि से नंबर एक पर पहुंचाना चाहते हैं। इसके लिए वे लंबे समय से प्रयासरत हैं। विनोद गर्ग के साथ शशि शर्मा, अभिषेक गर्ग अंकित, शिवांग गर्ग, अनुराग कौशिक और रमेश कंथला आदि ने भी वंदे भारत ट्रेन के यात्रियों और स्टाफ का अभिनंदन किया।

# लूट का फरार आरोपी अनिल गिरफ्तार

- आरोपी पहले भी लूटपाट व अन्य मामलों में जेल जा चुका
- आरोपी को अदालत में पेश कर उसे रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला पुलिस की अन्वेषण शाखा असंध इंचार्ज सुलिंदर सिंह की टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर ऑपरेशन ट्रैक डाउन के तहत एक फरार आरोपी अनिल पुत्र जयभगवान निवासी दीपालपुर, सोनीपत को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ चार अन्य साथियों के साथ थाना मुनक में मुकदमा नंबर 252 भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत दर्ज था। अनुसंधान अधिकारी के अनुसार, 19 सितंबर 2025 को आरोपी और उसके साथियों ने नेशनल हाईवे-44 पर करनाल क्षेत्र में एक ट्रक को रोककर ट्रक ड्राइवर को बंदी बनाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी पहले भी लूटपाट व झगड़े के मामलों में जेल जा चुका है। आरोपी को आज अदालत में पेश किया गया, जहाँ से उसे रिमांड पर लिया है। उससे गहन पूछताछ जारी है ताकि उसके अन्य फरार साथियों का भी पता लगाया जा सके।



### आग में राख हो गई टेक्सटाइल फैक्टरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव पसीना के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित ओम बालाजी टेक्सटाइल फैक्ट्री में रविवार की देर रात रात शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। फैक्ट्री में धागा बनता था, वहीं, देखते ही देखते आग की लपटों ने पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया।

आग लगने की वजह से फैक्ट्री में रखा तैयार कपड़ा, कच्चा और तैयार धागा, रस्सी तथा अन्य सामान जलकर पूरी तरह से राख हो गया। जब फैक्ट्री में आग लगी, उस समय सभी कर्मचारी डयूटी करके अपने घर जा चुके थे। रविवार आधी रात को आग लगी थी। दमकल की आठ गाड़ियों की मदद से आग को काबू किया गया। फायर सेफ्टी ऑफिसर गुरुमेल सिंह ने बताया कि बालाजी फैक्ट्री में आग लगने के कारणों व हुए नुकसान की जांच की जा रही है।

# किसानों का 13 को काले कपड़ों में प्रदर्शन

- धान घोटाले की जांच को लेकर किसानों का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि धान खरीद प्रक्रिया में हुए बड़े घोटाले की निष्पक्ष जांच के बजाय सरकार व प्रशासन ने "काली जांच" का रूप दे दिया है, जिससे किसानों में रोष है।

इस विरोध में भाकियू ने 13 नवम्बर (वीरवार) को ज़ोरदार प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। किसान काले कपड़े व काले बिल्ले पहनकर सुबह 10 बजे जाट धर्मशाला से जिला सचिवालय तक पैदल मार्च करेंगे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। रतनमान ने कहा कि यह विरोध सिर्फ जांच के तौर-तरीकों के खिलाफ नहीं, बल्कि उन अधिकारियों और बिचौलियों के खिलाफ भी है जिन्होंने किसानों की मेहनत की फसल पर डाका डाला।



### चेतावनी दी

रतनमान ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने पारदर्शी जांच नहीं कराई तो राज्यव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि "जब किसानों के पसीने की कमाई पर अफसरशाही और दलाली का खेल खेला जाएगा, तो किसान चुप नहीं बैठेगा।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में प्रेमचंद शाहपुर, मेहताब कादियान, श्याम सिंह मान, सुरेंद्र सांगवान, बलबीर सिंह तेवतिया, जसबीर जैनपुर आदि मौजूद रहे।

# पुराने ट्रक दिलवाने का झांसा देकर 10 लाख ठगे

**अंबाला।** दो पुराने ट्रक दिलवाने का झांसा देकर अमृतसर के अतुल शर्मा व उसके भाई रघु शर्मा ने 10 लाख रुपये ऐंठ लिए। पुलिस ने नदी मोहल्ला के चेतन सैनी की शिकायत पर दोनों भाइयों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। चेतन सैनी ने बताया कि करीब 3 साल पहले अतुल शर्मा उसके दोस्तों के माध्यम से उन्हें जिरकपुर में मिला था।

इसके बाद उसके साथ दोस्ती हो गई और वह उनके माया गार्डन फ्लैट में आने-जाने लगा। उसके साथ काफी अच्छे संबंध हो गए थे। उन्हें दो पुराने ट्रक लेने थे। अतुल शर्मा ने कहा कि उसके छोटे भाई रघु शर्मा की ट्रांसपोर्ट हैं जोकि दशमेश कैरियर के नाम से खन्ना पेपर मिल अमृतसर के पीछे है। उसने कहा कि वह अपने भाई रघु शर्मा से बोलकर उन्हें पुराने ट्रक दिलवा देगा। दो पुराने ट्रक दिलवाने का सौदा 15 लाख रुपये में तय हो गया और इस दौरान उन्हें कुछ राशि नकद और कुछ उनके बताए खातों में डाल दी जोकि 10 लाख रुपये थे। जब वह अमृतसर गए तो उन्हें अपने साथ धोखा होने की जानकारी लगी। स्थानीय निवासियों ने बताया कि रघु शर्मा व अतुल शर्मा का यही काम है। इनका पूरा गिरोह है जोकि व्यक्तियों को अपने विश्वास में लेते हैं और उन्हें झूठा दिलासा दिलाकर उनके साथ ठगी करते हैं।

## युवक के मोबाइल पर ओटीपी भेजकर अकाउंट से निकाले 90 हजार रुपये

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने गांव जठलाना निवासी शोएब खान के मोबाइल पर ओटीपी भेज कर उसके अकाउंट से 90 हजार रुपये निकाल लिए। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव जठलाना निवासी शोएब खान ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 15 अक्टूबर को उसने स्वीगी कंपनी में ऑर्डर किया था। कुछ देर बाद उसके मोबाइल पर एक ओटीपी आया। इसके बाद उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया और उसने खुद को स्वीगी कंपनी का कर्मचारी बताया। आरोपी ने उससे मोबाइल पर आया ओटीपी नंबर मांगा। उसने आरोपी पर विश्वास करके उसे ओटीपी बता दिया। इसके बाद उसके अकाउंट से अलग-अलग करके 90 हजार रुपये कट गए। जब उसने मोबाइल पर अकाउंट से पैसे कटने का मैसेज देखा तो वह हैरान रह गया। उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

## सरस्वती बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन धूमन सिंह किरमच ने निर्माण कार्य का लिया जायजा

# सरस्वती की पटरियां बनने से किसानों को मिलेगा लाभ

- सरस्वती नदी का किया जा रहा जीर्णोद्धार कार्य : किरमच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सरस्वती नदी की दोनों तरफ की पटरियों पर निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। पटरियों पर निर्माण कार्य होने से क्षेत्र के किसानों की फसलों को बाढ़ आदि आपदाओं से बचाया जा सकेगा।

उक्त जानकारी सरस्वती बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन धूमन सिंह किरमच ने सरस्वती नदी के दोनों तरफ बनाई जा रही पटरियों के निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए दी। सरस्वती बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन धूमन सिंह किरमच ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में सरस्वती नदी का जीर्णोद्धार कार्य किया जा रहा है। दो साल पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नदी के दोनों तरफ पटरियों का निर्माण कार्य किए जाने की घोषणा की थी। जिसका निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। किरमच ने बताया कि सरस्वती नदी की दोनों तरफ पटरियों का निर्माण कार्य होने से क्षेत्र के किसानों को लाभ मिलेगा। इससे क्षेत्र में आने वाली बाढ़ जैसी आपदा से किसानों की फसलों का बचाव हो सकेगा। उन्होंने बताया कि सरस्वती नदी के दोनों तरफ पटड़ी बनने से इस क्षेत्र के डार्क जोन को दूर किया जा सकेगा। धूमन सिंह किरमच ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के भाई बलराम ने महाभारत के युद्ध में हिस्सा ना लेकर इस क्षेत्र में यात्रा की थी। जिसे एक बार फिर सरस्वती बोर्ड रिवाइव करना चाहता है। उन्होंने बताया कि इस चरण में यमुना नगर के ऊंचा चांदना से लेकर पीपली तक का काम जारी है जो कि गुजरात राजस्थान हरियाणा के आदी बद्री तक का क्षेत्र पड़ता है। इस चरण में अभी तक 65 किलोमीटर की पटरी बनाने का काम जारी है। जिसमें से आधा काम हो चुका है। किरमच ने बताया कि जिन गांवों में सरस्वती के किनारे घाट नहीं हैं वहां पर घाट बनाए जा रहे हैं। वहीं, बड़े बड़े रिचार्जिंग के लिए अतिरिक्त बांध बनाए जा रहे हैं ताकि बरसात के मौसम में सरस्वती नदी में आए जल को कुछ समय के लिए रोक कर किसानों के लिए इस्तेमाल किया जा सके।



यमुनानगर। सरस्वती नदी क्षेत्र में नदी के दोनों तरफ बनाई जा रही पटरियों के निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए बोरड़ के डिप्टी चेयरमैन धूमन सिंह किरमच।

### सरोवर बनाए जाने से क्षेत्र को मिला लाभ

*सरस्वती बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन धूमन सिंह किरमच ने बताया कि अभी तक बोर्ड ने जितने सरोवर बनाए हैं। उनकी वजह से इस क्षेत्र को बहुत बड़ा फायदा हुआ है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन साल से सरस्वती नदी में पानी चला रहा है। तब से लेकर आज तक किसानों को रिचार्जिंग में बहुत बड़ा लाभ हुआ है। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट पर करीब 5 करोड़ रुपया खर्च होगा। जिसका आधा काम अभी तक हुआ है। किरमच ने बताया कि सरस्वती नदी क्षेत्र में करीब दो करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले प्रोजेक्ट का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने इसका का निरीक्षण कर लोगों से मिलकर सुझाव भी मांगे और आगे भी लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा कि जहां कहीं कोई शिकायत है। उसकी जानकारी उन्हें दी जाए।*

### पांच लाख का बयाना लेकर मुकरने पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

**अंबाला।** जमीन की खरीद-फरोख्त के मामले में पांच लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। बयाना लेने के बाद जमीन की मालिक रजिस्ट्री करवाने से मुकर गई। पुलिस ने रामपुर रोड, आजाद नगर निवासी अश्वनी रानी की शिकायत पर सुनीता देवी और उसके ससुर दयाल सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

अश्वनी रानी ने बताया कि मुनरहेडी गांव में 3 कनाल 3 मरले का सौदा 26 लाख 38 हजार 125 रुपये में तय हुआ था। इसमें बयाने के तौर पर उक्त आरोपियों को पांच लाख रुपये दिए गए। जब तय समय पर उन्हें रजिस्ट्री करवाने के लिए कहा गया तो उन्होंने रजिस्ट्री करवाने से मना कर दिया क्योंकि उन्हें जानकारी मिली थी कि सुनीता देवी के नाम पर 3 कनाल 3 मरले जगह नहीं बल्कि मात्र 15 मरले ही जगह थी।

# करेड़ा खुर्द में चोरों ने 5 किसानों के ट्यूबवेल से चुराई मोटर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

गांव करेड़ा खुर्द में चोरों ने पांच किसानों के ट्यूबवेल के ताले तोड़कर पांच मोटरें चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव शादीपुर निवासी जगदीश कुमार ने सदर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसके खेत गांव करेड़ा खुर्द रकबे में लगते हैं। चार नवंबर को वह खेतों से काम खत्म करके घर आ गया था। अगली सुबह जब वह खेतों में पहुंचा तो उसके ट्यूबवेल के कमरे का ताला टूटा हुआ मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर ट्यूबवेल के कमरे से मोनोब्लॉक मोटर गायब मिली। जांच के दौरान उसे मालूम हुआ कि चोरों ने उसके साथ लगते चार किसानों के यहां भी चोरी की है।

### गुरुद्वारे से गुल्लक चोरी

गांव इस्माइलपुर निवासी नविंदर सिंह ने रादौर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव में गुरुद्वारा है। चोरों ने आठ नवंबर की रात को गुरुद्वारे के अंदर से गुल्लक चोरी कर लिया। जिसमें करीब पांच हजार रुपये की दान राशि थी। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

*नगर निगम ने वर्क अलॉट कर जमीन की करवाई निशानदेही, जल्द होगा निर्माण शुरू*

# 9 एकड़ में 6.13 करोड़ से बनेगा भव्य पार्क, 02 किलोमीटर लंबा वाकिंग ट्रैक सैर के लिए बनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

शहर के हमीदा हेड के पास नगर निगम द्वारा नौ एकड़ जमीन में हरा भरा पार्क विकसित किया जाएगा। निगम की ओर से इस प्रोजेक्ट पर लगभग छह करोड़ 13 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। नगर निगम द्वारा पार्क बनाने का एजेंसी को वर्क अलॉट कर दिया है। निगम द्वारा जमीन की निशानदेही व सर्वेक्षण किया गया है। जल्द ही पार्क का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। हमीदा हेड के पास पार्क विकसित होने से हजारों लोगों को सुंदर व स्वच्छ वातावरण मिलेगा। मेयर सुमन बहमनी व नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि नौ एकड़ जमीन में छह करोड़ 13 लाख की लागत से बनने वाला पार्क भव्य व बहुत सुंदर होगा। पार्क में सैर करने के लिए करीब दो किलोमीटर लंबा वाकिंग ट्रैक होगा। लगभग 1.8 मीटर चौड़े वाकिंग ट्रैक पर लोग सैर कर सकेंगे। बच्चों के लिए झूलों के अतिरिक्त प्ले ग्राउंड भी होगा। चार हट बनाई जाएंगी ताकि लोग परिवार के साथ यहां पर बैठकर आनंद ले सकें। पार्क हरियाली से हरा भरा व फूलों से सुगंधित वातावरण होगा। पेयजल, ओपन जिम, इलेक्ट्रिक रूम, हाइमास्ट लाइट, गार्ड रूम के अलावा महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग दो शौचालय भी बनाए जाएंगे। नगर निगम द्वारा पार्क निर्माण के लिए टेंडर लगा दिया है। वर्क अलॉट हो चुका है। हाल ही में जमीन की निशानदेही व सर्वेक्षण किया गया है। जल्द ही एजेंसी द्वारा पार्क का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।




यमुनानगर। हमीदा में बनने वाले पार्क की जानकारी देतीं मेयर सुमन बहमनी व पार्क की जमीन की निशानदेही करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### अवैध कब्जे रोकने को बनाई जाएगी पांच फीट ऊंची दीवार

नगर निगम द्वारा तैयार की गई डीपीआर के तहत पुराना हमीदा की तरफ से अवैध कब्जे रोकने के लिए करीब पांच फीट ऊंची दीवार बनाई जाएगी। इसके बाद यहां पर मिट्टी से भराव कराया जाएगा। इसके बाद पार्क का निर्माण शुरू कराया जाएगा। पार्क में हाईमास्ट लाइट से लाइटिंग की भी सुंदर व्यवस्था होगी। लाइट व्यवस्था होने से रात व अलसुबह के समय भी लोग पार्क में सैर व व्यायाम कर सकेंगे। अलग से इलेक्ट्रिक रूम व गार्ड रूम होगा।

## निगमायुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर कार्रवाई

# अस्थायी बाजार में अतिक्रमण पर 17 दुकानदारों के चालान

> दो दुकानदारों से प्रतिबंधित पॉलिथीन भी बरामद कर उनका चालान किया, हर माह 9 व 10 तारीख को विष्णु नगर में लगता है अस्थायी बाजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

शहर के विष्णु नगर में हर माह 9 व 10 तारीख को लगने वाले अस्थायी बाजार में सोमवार को नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई की है। अस्थायी बाजार में दुकानदारों द्वारा वर्कशॉप रोड व अन्य मार्गों पर अतिक्रमण किया हुआ था, जिससे आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर सफाई निरीक्षक सुशील शर्मा की टीम ने अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की।

सोमवार को नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर निगम के सफाई निरीक्षक सुशील शर्मा व सुपरवाइजर प्रवीण आदि अधिकारी होमगार्ड के जवानों व दुर्गा शक्ति की टीम के साथ शहर के विष्णु नगर में पहुंचे। जब टीम यहां पहुंची तो दुकानदारों द्वारा सड़कों पर अतिक्रमण किया हुआ मिला। नगर निगम की टीम ने सख्त कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बनी कई दुकानों को हटवाया। साथ ही अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की। निगम की टीम ने सड़क से अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान निगम ने 17 दुकानदारों के चालान किए। मौके पर दो दुकानदारों से प्रतिबंधित पॉलिथीन भी बरामद हुआ। उनका भी मौके पर चालान कर पॉलिथीन को जब्त किया गया।




यमुनानगर। विष्णु नगर में अस्थायी बाजार में दुकानदारों के चालान काटते हुए निगम की टीम।

### शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने की पहल

निगम के सफाई निरीक्षक सुशील शर्मा ने कहा कि शहर को सुंदर, साफ व स्वच्छ बनाने के लिए निगम अनेक प्रयास कर रहा है। शहर में विशेष सफाई अभियान, अतिक्रमण हटाओ अभियान, सड़कों के डिवाइडर को सुंदर बनाने व हर नाले व नाली की सफाई करने का कार्य किया जा रहा है। शहर को कचरा मुक्त और अतिक्रमण मुक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। आमजन से अपील है कि वे शहर को साफ व सुंदर बनाने में सहयोग करें। खुले में कचरा न डालें। पॉलिथीन का इस्तेमाल न करें। दुकानदार सड़कों पर अतिक्रमण न करें। शहर को व्यवस्थित बनाने में सहयोग करें।

### स्वदेशी एवं राष्ट्र निर्माण के सिद्धांतों से कराया अवगत

**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल यमुनानगर में समाज सुधारक श्री दत्तोपंत ठेंगड़ी की जयंती पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके जीवन संघर्ष व राष्ट्र के प्रति समर्पण और स्वदेशी से स्वावलंबन के संदेश को समझाना था। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने बताया कि ठेंगड़ी ने अपना संपूर्ण जीवन समाज, राष्ट्र और मजदूर वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित किया। वे भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ और स्वदेशी जागरण मंच के संस्थापक थे। उनके द्वारा दिए गए स्वदेशी अपनाएं, आत्मनिर्भर भारत बनाएं के संदेश को आज पूरा देश आत्मनिर्भर भारत अभियान के माध्यम से साकार करने का प्रयास कर रहा है। विद्यार्थियों को बताया गया कि कैसे उन्होंने विदेशी वस्तुओं का विरोध करते हुए भारत में निर्मित वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा दिया।



यमुनानगर। सेमिनार में विद्यार्थियों को संबोधित करतीं प्राचार्या।



यमुनानगर। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते भाकियू जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर व अन्य।

### खेलों में भाग लेकर युवा वर्ग बनाएं भविष्य : गुर्जर

**रादौर।** गांव कुंजल में ओपन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने भाग लिया। मौके पर किसान नेता अरविंन कांबोज व जिला उपाध्यक्ष यादविंदर कांबोज जयपुर मौजूद रहे। मुख्यातिथि एवं भाकियू के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने बताया कि जीवन में खेल बहुत जरूरी है। उन्होंने युवाओं को आह्वान किया कि समाज में अगर नाम रोशन करना है तो नशे और चोरी से दूर रहकर अपने खेलो और पढ़ाई में अपना ध्यान लगाएं। भारतीय किसान यूनियन की ओर से 11 हजार रुपये की राशि भेंट करके खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर अशोक डांगी, रोहित कांबोज दामला, मान सिंह मजाफत, सरदार सुखदेव सिंह टिब्बी, सुलेमान, भूप सिंह चुहडपुर, हरदीप सिंह सरपंच, उदय सिंह कुंजल, सरपंच संजीव कुमार आदि मौजूद थे।

### शिक्षक की कार्यकुशलता पर ही निर्धारित है विद्यार्थी का भविष्य

**रादौर।** संजय गांधी स्कूल हरनौल में शिक्षकों के लिए इनहाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के उप प्रधानाचार्य अमित सिंघल ने भाग लिया। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार ने की। कार्यक्रम में संजय गांधी स्कूल व सुरेंद्रा हाई स्कूल के शिक्षकों ने भाग लिया और उन्हें नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क विषय का प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य वक्ता अमित सिंघल ने शिक्षकों को बताया कि शिक्षक जीवन को जिस तरह जीता है। वही तरीका अधिकतम रूप से बच्चों में स्थानांतरित होता है। क्योंकि यह भी एक प्रकार की ऊर्जा है जो एक स्थान से दूसरे स्थान तक स्थानांतरित की जा सकती है। शिक्षक की कार्यकुशलता पर ही बच्चों का भविष्य निर्भर है। सुरेंद्रा हाई स्कूल की प्रधानाचार्य सोनिया नरूला ने प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे शिक्षकों को कक्षा भवन में विद्यार्थियों से आत्मीयता भाव से पेश आने के लिए आहवान किया। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक ही है जो बच्चों को सही दिशा दे सकता है।



यमुनानगर। मंदिर में आयोजित होने वाले समारोह की जानकारी देते हुए मंदिर प्रबंधक कमेटी के प्रधान रमेश मेहता व अन्य।

### 23 व 24 नवंबर को मनाएंगे महंत श्रीरामसुंदर दास का जन्मोत्सव

- जन्मोत्सव कार्यक्रम में भाग लेंगे महंत श्री रामसुंदर दास महाराज

**यमुनानगर।** श्रीलाल द्वारा मंदिर यमुनानगर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री ध्यानपुर गद्दी के 15वें महंत श्री राम सुंदर दास महाराज का जन्मोत्सव एवं मंदिर में स्थापित 22 मूर्तियों का स्थापना दिवस समारोह 23 व 24 नवंबर को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। समारोह में यमुनानगर व जगाधरी के अलावा सहारनपुर, अंबाला, मुलाना ,चंडीगढ़, देहरादून,कुरुक्षेत्र व नीलोखेड़ी के हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे। उक्त जानकारी श्रीलाल द्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान रमेश मेहता व वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने दी। कमेटी के प्रधान रमेश मेहता ने बताया कि समारोह में महंत श्री राम सुंदर दास महाराज विशेष तौर पर शामिल होंगे। 23 नवंबर को सुबह महंत श्रद्धालुओं को नाम दीक्षा व आशीर्वाद देंगे। इस दौरान कई भजनिक व महिला संकीर्तन मंडलियों के सदस्य अपने भजनों से श्रद्धालुओं को निहाल करेंगे। 24 नवंबर को भी महाराज श्रद्धालुओं को नाम दीक्षा व आशीर्वाद देंगे। उन्होंने बताया कि 23 व 24 नवंबर दोनों दिन भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सुदर्शन ऐरी,देवेंद्र मेहता, आरके वोहरा, दीपक अरोड़ा, अशोक भाटिया, विजय शर्मा, सोनू व मोनू मेहता, नरेंद्र ओबरॉय, रजिंद्र सोबती, राजकुमार ओबरॉय,प्रदीप चड्ढा, मनोज कोछड़ व संदीप वधवा आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। रादौर में आयोजित बैठक में भाग लेते हुए रोटरी क्लब के सदस्य।

### जरूरतमंद परिवार की बेटियों की करवाएंगे शादी

**रादौर।** अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब रादौर के सदस्यों की कस्बे में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता क्लब के सचिव भारत माटिया ने की। इस दौरान बैठक में 23 जनवरी 2026 को बसंत पंचमी के अवसर पर जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं के तीसरे सामूहिक विवाह समारोह को आयोजित करने का निर्णय लिया। क्लब के सचिव भारत माटिया ने बताया कि सामूहिक विवाह का कार्यक्रम कस्बा स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक में शादी समारोह को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जल्द ही जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं के विवाह कार्यक्रम को लेकर आवेदन लिए जाएंगे। सामूहिक शादी समारोह में कन्याओं को दिए जाने वाले सामान को लेकर सूची तैयार की गई। इस अवसर पर क्लब के पूर्व प्रधान डॉ. एससी सैनी, पूर्व प्रधान निर्मल सिंह, राजीव आर्य सन्नी, डॉ. अमन पंजेटा, मोहनलाल अरोड़ा, ब्रह्मप्रकाश टंडन, मलखान सिंह सदूरा , संदीप सैनी व मास्टर गुरचरण सिंह आदि मौजूद रहे।

### श्री आनंदपुर साहिब के दर्शनार्थ रादौर से रवाना हुआ जत्था




**रादौर।** रादौर के गुरुद्वारा बाबा बंदा सिंह बहादुर से संगत का जत्था पंजाब में स्थित श्री आनंदपुर साहिब के दर्शन के लिए रवाना हुआ। संगत के जत्थे का नेतृत्व गुरुद्वारा बाबा बंदा सिंह बहादुर प्रबंधक कमेटी के प्रधान कोमल अरोड़ा ने किया। प्रधान कोमल अरोड़ा ने बताया कि संगत के जत्थे ने रवानगी से पूर्व श्री आनंदपुर साहिब दर्शन के महत्व की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि हर वर्ष संगत आनंदपुर साहिब दर्शनों के लिए रवाना होती है। इस अवसर पर हर्ष चौधरी, राजकुमार बत्रा, दीपक मक्कड़, सरदार हेम सिंह, सरदार इंद्रजीत सिंह, ईशा, पूजा बत्रा, वंशिका बत्रा, ममता, नागपाल, सरदार सतीश सिंह व ग्रंथ सिंह आदि मौजूद रहे।

# विक्टरी क्लब की टीम ने जीता फुटबाल लीग मैच



यमुनानगर। तेजली खेल परिसर में आयोजित फुटबाल लीग मैच में खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते मुख्यातिथि।

- जिला फुटबाल संघ द्वारा शहर के तेजली खेल परिसर में आयोजित की अंडर 20 आयु वर्ग के लिए फुटबाल लीग प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

जिला फुटबाल संघ द्वारा शहर के तेजली खेल परिसर में सोमवार को लड़कों की अंडर 20 आयु वर्ग की लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने बतौर मुख्यातिथि खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करके किया। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में मार्केट कमेटी जगाधरी के चेयरमैन विपुल गर्ग व भाजपा के जिला महामंत्री परवीन ने भाग लिया।

लीग प्रतियोगिता में पहला मैच विक्टरी क्लब की टीम व जगाधरी वर्कशाप की टीम के बीच खेला गया। जिसमें विक्टरी क्लब की टीम विजेता बनी। वहीं, दूसरा मैच यमुना एरोज टीम और स्कोर क्लब टीम के बीच खेला गया। इस मैच में एरोज टीम ने मैच जीतकर विजय हासिल की। तीसरा मैच एडीजीएफसी क्लब टीम और नागल क्लब टीम के बीच खेला गया। जिसमें एडीजीएफसी क्लब की टीम ने रोमांचक मुकाबले में नागल क्लब की टीम को हराकर मैच जीत लिया। वहीं, लड़कों के अंडर 15 आयु वर्ग की प्रतियोगिता में आयोजित मैच में यमुना एरोज ने नागल क्लब की टीम को हराकर जीत हासिल की। जबकि लड़कियों के अंडर 15 वर्ग के मैच में धर्म पब्लिक स्कूल की टीम ने महाराणा प्रताप क्लब की टीम को हराकर मैच जीत लिया। मौके पर मुख्यातिथि एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि हमें स्वस्थ रहने के लिए खेलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। खेलों से युवाओं का सर्वांगिण विकास होता है। इस अवसर पर जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष भारत भूषण , उपाध्यक्ष संतन कुमार,कोषाध्यक्ष आशीष शर्मा व नरेश ढौंडियाल आदि ने अतिथियों का धन्यवाद किया।

## डीएवी डेंटल कॉलेज यमुनानगर में रैगिंग को रोकने के लिए संगोष्ठी

# रैगिंग जैसे घृणित अपराध पर अंकुश लगाना बेहद जरूरी : शर्मा

> संगोष्ठी में मुख्यातिथि के रूप में डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया के वरिष्ठ सदस्य केपी शर्मा ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

डीएवी डेंटल कॉलेज यमुनानगर में डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया के दिशा निर्देशानुसार सोमवार को रैगिंग के खिलाफ बच्चों को जागरूक करने को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया के वरिष्ठ सदस्य केपी शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रूप में डीएसपी रजत गुलिया मौजूद रहे। जबकि अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आईके पंडित ने की।

मुख्यातिथि केपी शर्मा ने बताया कि रैगिंग के खिलाफ देश के सर्वोच्च न्यायालय के साथ साथ डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया बहुत सख्त है। काउंसिल ने सभी कॉलेजों को रैगिंग न हो इसको लेकर कड़े दिशा निर्देश देते हुए गाइडलाइन भी जारी की हुई है। इसी कारण कॉलेजों मे रैगिंग की घटनाएं नाममात्र हो रही हैं। उन्होंने कहा कि हमें इन घटनाओं पर शत प्रतिशत अंकुश लगाना है और इसके लिए जागरुकता ही बड़ा हथियार है।



यमुनानगर। डीएवी डेंटल कार्लेज में रैगिंग के खिलाफ आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में रैगिंग को रोकने के लिए पत्रिका का विमोचन करते हुए अतिथि।

### नशे के खिलाफ करवाए जाएंगे हवन

मौके पर विशिष्ठ अतिथि डीएसपी रजत गुलिया ने कहा कि रैगिंग की घटनाएं रोकने को लेकर सुप्रीम कोर्ट बहुत सख्त है और इसे आपराधिक श्रेणी में लाया गया है। उन्होंने विद्यार्थियों को रैगिंग के साथ साथ यातायात नियमों, बढ़ते साइबर क्राइम व नशे के खिलाफ भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि रैगिंग की श्रेणियां को पोक्सो एक्ट में भी शामिल किया गया है। एक बार किसी के खिलाफ यह केस दर्ज हो जाए तो पुरी जिंदगी इसका नुकसान उसे उठाना पड़ता है। मौके पर कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर आई के पंडित ने मुख्य अतिथि व अन्य का स्वागत करते हुए कॉलेज की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि डीएवी संस्थाओं के राष्ट्रीय अध्यक्ष पदमश्री पूनम सूरी के दिशा निर्देश पर हरियाणा भर में नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने को लेकर जगह-जगह पर हवन यज्ञ करवाए जाएंगे। इस दौरान रैगिंग को रोकने के लिए जागरुकता पत्रिका का विमोचन भी किया गया। मौके पर डॉ. धीरेंद्र सोनी, डॉ. नीरज गुगनानी, डॉ. अजय बंसल, डॉ. प्रवीण शर्मा, दविंद्र मेहता, डॉ. मोनिका गुप्ता, एडवोकेट वैभव अग्रवाल, एडवोकेट अमित बंसल व टिकू आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन के सिखाएं गुर

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के प्रोफेसर एवं यूथ रेडक्रॉस कोऑर्डिनेटर डॉ. डी.एस. राणा ने आर.के. सदन केयूके में 8 से 12 नवम्बर तक चल रहे यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में अतिथि के रूप में पहुंचे आपदा प्रबंधन के मास्टर एवं एक्सपर्ट गुरप्रीत सिंह का पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत किया। वहीं प्रतिभागियों ने गुरप्रीत सिंह को बैज लगा कर स्वागत किया। इस अवसर पर गुरप्रीत सिंह ने प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन, बाढ़ ,आग और किसी भी दुर्घटना की स्थिति में राहत और बचाव की महत्वपूर्ण सावधानियों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

### संस्कृत की छात्रा को मिला ओलंपियाड में स्वर्ण पदक

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज के संस्कृत विभाग के अनेक विद्यार्थियों ने केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित ऑनलाइन संस्कृत ओलंपिकयाड में भाग लिया। उल्लेखनीय है कि यह ओलंपियाड राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया गया था और इसमें देशभर से हजारों विद्यार्थियों ने भाग लिया था। आईआईएचएस के संस्कृत विभाग की बीए अंतिम वर्ष की छात्रा निकिता कान्दिल ने इस ओलंपियाड में स्वर्ण पदक एवं प्रथम स्थान का प्रमाणपत्र तथा द्वितीय वर्ष की छात्रा कनिका कान्दिल ने रजक पदक एवं द्वितीय स्थान का प्रमाणपत्र प्राप्त किया।

### तीर्थ यात्रा आध्यात्मिक और भक्ति के लिए बहुत जरूरी

**कुरुक्षेत्र।** समर्थगुरू धारा हिमाचल के जोनल कॉर्डिनेटर और श्री दुर्गा देवी मन्दिर के पीठाधीश ज्योतिष व वास्तु आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने भक्तों के साथ शुक्रताल तीर्थ के प्रमुख मंदिरों में भगवान गणेश, भगवान हनुमान और देवी देवताओं के दर्शन करवाए। समर्थगुरु द्वारा रचित श्रीमद्भगवदगीता का पाठ प्राचीन अक्षय वट के नीचे सुनाया और संकीर्तन किया और ध्यान करवाया। सभी विश्व कल्याण के लिए मंगल प्रार्थना की गई।

### ट्रेफिक चालान के लिए लगेगी प्री लोक अदालत

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा 13 दिसंबर 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही 30 नवंबर 2025 तक जिला हेडक्वार्टर कुरुक्षेत्र में प्रत्येक बुधवार को, सब डिवीजन पिहोवा में प्रत्येक वीरवार को, सब डिवीजन शाहाबाद में प्रत्येक मंगलवार को प्री लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 1 दिसंबर से 12 दिसंबर तक जिला हेडक्वार्टर कुरुक्षेत्र, सब डिवीजन शाहाबाद और सब डिवीजन पिहोवा में प्रत्येक कार्य दिवस में प्री लोक अदालत आयोजित की जाएगी।

---

## 36वें अखिल भारतीय डाक कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन

# भारत ने कबड्डी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हासिल किया गौरव: सचिन

### हरियाणा की टीम ने पंजाब को 47-10 अंकों से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी।



कुरुक्षेत्र। समारोह में मौजूद अतिथिगण व खिलाड़ी।

हरियाणा परिमण्डल अंबाला के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल सचिन किशोर ने कहा कि भारत ने कबड्डी में न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी गौरव हासिल किया है। खेलों को बढ़ावा देने के लिए डाक विभाग हर वर्ष विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है। इस वर्ष हरियाणा परिमंडल को 36वें अखिल भारतीय डाक कबड्डी प्रतियोगिता 2025-26 के आयोजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने सभी प्रतिभागी टीमों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे पूर्ण निष्ठा, खेल भावना और सम्मान के साथ खेलें। हरियाणा परिमण्डल अंबाला के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल सचिन किशोर ने सोमवार को 36वें अखिल भारतीय डाक कबड्डी प्रतियोगिता 2025-26 का उद्घाटन किया। डाक सेवाएं निदेशक राधिका धीर ने मुख्य अतिथि का स्वागत पौधा पात्र भेंट करके किया। सभी 11 प्रतिभागी टीमों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। मार्च पास्ट के दौरान बैंड व ड्रम डी.ए.वी. पुलिस पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र के छात्रों द्वारा बजाया गया। मुख्य अतिथि द्वारा अखिल भारतीय डाक खेल बोर्ड का ध्वज फहराया गया तथा प्रतियोगिता का विधिवत शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा सभी टीमों से परिचय का आदान-प्रदान किया गया। कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र के खेल निदेशक डीएस राणा ने कहा कि यह केवल एक खेल का आयोजन नहीं है, बल्कि यह डाक विभाग के भीतर एकता, सहयोग, अनुशासन और टीम भावना का उत्सव है। कुरुक्षेत्र की इस पवित्र भूमि पर जहां धर्म और साहस का संगम हुआ था, वहीं आज हम खेल भावना और सौहार्द का संगम देख रहे हैं।

### पांच दिनों की अवधि में 28 मैच खेले जाएंगे

मुख्य पोस्टमास्टर जनरल सचिन किशोर ने कहा कि इस टूनार्मेंट में आंध्र प्रदेश, दिल्ली, गुजरात, पश्चिम बंगाल, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, पंजाब और मेजबान हरियाणा पोस्टल सर्कल की टीमें भाग ले रही हैं। इन 11 टीमों के कुल 147 खिलाड़ी व सपोर्टिंग स्टाफ द्वारा पांच दिनों की अवधि में 28 मैच खेले जाएंगे। प्रतिभागी खिलाड़ियों में से कुछ द्वारा राष्ट्रीय स्तर के टूनार्मेंट में भी अपने राज्य का प्रतिनिधित्व किया गया है। प्रतियोगिता की शुरूआत हरियाणा बनाम पंजाब की टीमों के बीच मैच से हुई, जिसमें हरियाणा की टीम 47-10 से विजयी हुई। प्रतियोगिता में 11 नवम्बर को 10 मैच खेले जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान गीता कन्या स्कूल कुरुक्षेत्र की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गई। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। हरियाणा परिमंडल अंबाला सहायक पोस्टमास्टर जनरल रणजीत सिंह ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, निदेशक डाक सेवाएं, आयोजन समिति के सदस्यों, प्रतिभागियों, गीत की प्रस्तुति देने वाली स्कूल के छात्र, छात्राओं व उनके शिक्षकों का धन्यवाद व आभार जताया।

---

## व्यक्ति के भीतर वैज्ञानिक चेतना का विकास होना जरूरी : सोनी



कुरुक्षेत्र। प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

- स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में गुरुकुल कुरुक्षेत्र का कार्तिक रहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र, कुरुक्षेत्र में विश्व विज्ञान दिवस एवं अंतरराष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र एवं विज्ञान संग्रहालय दिवस इस वर्ष अपने भीतर के वैज्ञानिक को उजागर करें थीम पर उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती चित्रा सिंह, मानद संयुक्त सचिव, हरियाणा विज्ञान मंच, जिन्होंने अपने लोकप्रिय व्याख्यान में विज्ञान की समाज के प्रति भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि श्रीमती चित्रा सिंह ने खगोल विज्ञान से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को रोचक ढंग से बताया कि किस प्रकार पोल स्टार की पहचान की जाती है, उर्सा मेजर, कैसियोपिया और ओरायन जैसे तारामंडलों को कैसे पहचाना जाता है। परियोजना समन्वयक सुरेश कुमार सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि हर व्यक्ति के भीतर वैज्ञानिक चेतना और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार गुरुकुल, कुरुक्षेत्र के कार्तिक सांगवान, द्वितीय पुरस्कार संजय गांधी पब्लिक स्कूल के तरुण कुमार तथा तृतीय पुरस्कार विजडम वर्ल्ड स्कूल के टैवी को प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त प्रोत्साहन पुरस्कार गीता निकेतन स्कूल के आयुष बीरबल। महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल की वंदना, सेंट पीटर कॉन्वेंट स्कूल की कृतिका जांगड़ा, अग्रसेन पब्लिक स्कूल की पलक एवं राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र की शिवानी को प्रदान किया गया।

---

*उपमंडल अधिकारी कार्यालय में हुई बैठक*

## सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के विकास कार्यों का लिया फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा

हरियाणा सरस्वती विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन धुमन सिंह किरमच ने सोमवार को पिहोवा उपमंडल अधिकारी कार्यालय में सरस्वती तीर्थ प्राची तीर्थ के विकास कार्यों से सम्बंधित एक बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि मां सरस्वती तीर्थ की विशेषता देश-विदेश में विख्यात है। सरस्वती तीर्थ पर दूर दराज से भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन रहता है। इसे देखते हुए सरस्वती विकास बोर्ड ने 8 नये प्रोजेक्ट तैयार किए हैं। अधिकारिओ के साथ चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सरस्वती तीर्थ का सौंदर्यकरण, तीर्थ स्थल पर दोनों तरफ ग्रिल, भव्य आरती स्थल, सदरी, परमानेंट स्टेज और पिंडदान की सामग्री निकासी, सरस्वती गेट और अन्य विकास कार्यों को तीव्रता से पूरा करना है। धुमन सिंह किरमच ने कहा कि सरस्वती तीर्थ पर जल्द ही भव्य आरती स्थल का कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरस्वती महोत्सव बड़े हर्षोउल्लास से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाएगा।



### सरस्वती तीर्थ की महत्वता राष्ट्रीय स्तर पर

इस अवसर पर नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि ने विशेष बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि सरस्वती तीर्थ प्राचीन तीर्थ है जिसकी महत्वता राष्ट्रीय स्तर पर है। इस अवसर पर उपमंडल अधिकारी नागरिक अभिनव सिवाच आईएएस, सिंचाई विभाग एएसी अरविंद कौशिक, सरस्वती हेरिटेज बोर्ड सदस्य युधिष्ठिर बहल, हरविंदर सिंह, रामधारी शर्मा, हन्नु चक्रपाणि, बंटी, भाजपा नेता सतीश सैनी, नवतेज सिंह सैनी एक्सिएन, उपमंडल अधिकारी सिंचाई विभाग विनोद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

---

### पोक्सो एक्ट के आरोपियों को सुनाई 10 साल कठोर कारावास की सजा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने पोक्सो एक्ट के आरोपी बलवंत वासी जिला कुरुक्षेत्र व अमित कुमार वासी जिला करनाल को 10 साल कठोर कारावास व 2 लाख 50 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि 29 अगस्त 2022 को पुलिस को दी अपनी शिकायत में थाना बाबैन वासी नाबालिग लडकी ने बताया कि वह 12वी क्लास में तथा उसकी एक दोस्त 10 वीं क्लास में पढती है। उन्होंने बताया कि बलवंत वासी लाडवा व उसका एक दोस्त उन दोनों को कार में बैठा कर ले गया थे। उन दोनों लडको ने उनकी बिना मर्जी से उनके साथ गलत काम किया। घर आने पर उन्होंने अपने घरवालों से बताया। जिसकी शिकायत पर थाना बाबैन में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच महिला उप निरीक्षक कमलेश द्वारा अमल में लाई गई।

---

## ब्राह्मण युवक-युवतियां परिचय समारोह का किया आयोजन

- पुराने बस स्टैंड के समीप ब्राह्मण धर्मशाला में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



युवक युवतियां का परिचय समारोह पुराने बस स्टैंड के समीप ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित किया गया। पहली बार ब्राह्मण रिश्ते संस्थानम एवं पंडितजी फाउंडेशन स्वावलम्बी के सौजन्य से ब्राह्मण युवक युवतियां समारोह आयोजित किया गया। आयोजन मे मुख्य अतिथि के रूप पर सतीश शर्मा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभागार मे उपस्थित भारी संख्या मे प्रदेश भर से पधारे ब्राह्मण युवक युवतियों के अभिभावकों/ परिजनों के समक्ष पवन शर्मा पहलवान, अधिवक्ता जयनारायण दीक्षित, कपिल शर्मा यमुनानगर, जयनारायण शर्मा संरक्षक ब्राह्मण तीर्थोद्धार सभा, विवेक शर्मा समाजसेवी, पीयूष राव ने विशिष्ठ अतिथि के तौर पर अपने अपने प्रेरणादायक / अमूल विचार सांझा किए। मंच का सफलता पूर्वक संचालन चन्द्र शेखर आत्रये, सोमदत हरित व परवीन जी ने किया। कार्यक्रम में अनिल कुमार शर्मा, कृष्ण कुमार,अरविन्द शर्मा, योगेश गौर, अधिवक्ता मंजू कौशिक, सोहन लाल शर्मा, परवीन शर्मा, चेतन शर्मा, पंकज प्रकाश शर्मा, अमन कौशिक किरमच, प्रवीण शर्मा पिलनी, अमित शर्मा, चन्दर मोहन शर्मा विजेंदर शर्मा आदि मौजूद रहे।

---



### जय भगवान शर्मा डीडी ने सड़कों के नवीनीकरण का किया उद्घाटन

**पिहोवा।** भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि किसी भी देश की तरक्की के लिए सड़क शिक्षा और संचार के साधनों का होना बहुत जरूरी है। इसी लक्ष्य पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में देश भर में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। जो विकसित भारत के संकल्प में नींव का पत्थर साबित होगा। जय भगवान शर्मा सड़कों के नवीनीकरण कार्य के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने 334.14 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़कों के नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन किया। गांव रामगढ़ से बिछिया की सड़क का कार्य 117. 23 लाख, रामगढ़ रोड से पहाड़पुर माइनर बस्ती तक 71.46 लाख, कराह साहिब से अधोया तक 205.76 लाख, चीका रीड से कराह साहिब 11.88 लाख, चीका रोड से शाहपुर जोड़ा साहिब 54.83 लाख, चीका रोड से सतोड़ा 53.52 लाख, गुमथलागढू से डेरा फतेह सिंह 46.87 लाख व धनीरामपुरा अरुणाय बिलोचपुरा पर 73.55 लाख रुपए का बजट खर्च होगा। इस मौके पर उनके साथ डॉ. अवनीत वड़ैच, परमजीत सिंह चट्ठा, जेपी मेहला रामगढ़ रोड, सुखबीर सैनी, पंडित शंभूदत गौतम अरुणाय, सोनू सुरमी, डायरेक्टर पवन शर्मा, राकेश पुरोहित, प्रदीप सरपंच झिंवरेड़ी, बजीर दीवाना, जस्सी मोहनपुर, गुरतेज अरनैचा, रिचिक कौशिक सहित कई विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

---

## 'आत्मनिर्भर भारत' नारा देश को सशक्त बनाने की कुंजी : कलसाना

- देवी मंदिर धर्मशाला में भाजपा की ओर से कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज. ▶▶ शाहबाद



शाहबाद। आत्मनिर्भर कार्यक्रम में मंच पर विराजमान नेतागण व पब्लिक।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए भाजपा की ओर से देवी मंदिर धर्मशाला में भव्य आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम का आयोजन किया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में सुभाष कलसाना ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की जबकि जिला अध्यक्ष तेजिंदर सिंह गोल्डी, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष वंदना गोरी, पार्षद ईशु सचदेवा ने विशेष अतिथि के रूप में पहुंचकर जनता से संवाद किया। सुभाष कलसाना ने अपने संबोधन में कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक को सशक्त बनाने की कुंजी है। जिला अध्यक्ष तेजिंदर सिंह गोल्डी ने भाजपा संगठन की ओर से इस विजन को जमीनी स्तर पर लागू करने की प्रतिबद्धता दोहराई। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष वंदना गोरी ने विशेष रूप से महिलाओं की भागीदारी और उनके सशक्तिकरण में आत्मनिर्भर भारत के महत्व पर प्रकाश डाला। मंच का संचालन महिला मंडल अध्यक्ष भावना सेठी व दीपक आनंद ने किया। बीबी करतार कौर, नपा के पूर्व प्रधान बलदेव राज चावला, रविन्द्र सांगवान ठोल, मंडल अध्यक्ष यादविन्द्र सिंह लक्की राणा, पार्षद दीपक आनंद, एडवोकेट मनदीप रावा, सोनिया मेहंदीरत्ता, प्रतिमा शर्मा, ईशा अग्रवाल, मान सिंह देसवाल, तिलक राज अग्रवाल, नरेन्द्र बड़ाम सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---



### कुरुक्षेत्र में नि:शुल्क मुक्ति वाहन सेवा शुरू

**कुरुक्षेत्र।** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में सामाजिक संस्था ऋषि पब्लिक वेलफेयर ट्रस्ट, फीनिक्स क्लब व समाजसेवियों के सहयोग से निशुल्क मुक्ति वाहन सेवा की शुरूआत की गई है। ऋषि पब्लिक वेलफेयर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष एवं सीनियर सिटीजन फोरम के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओपी गुलियानी ने सीनियर सिटीजन फोरम परिसर से नारियल फोड़कर मुक्ति वाहन सेवा को जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर मुक्ति वाहन का पूजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी सुरिंदर ढींगरा, फीनिक्स क्लब के अध्यक्ष डॉ. राजेश वधवा, सचिव अंशुल जसूजा, कोषाध्यक्ष मनोज परूथी, सीनियर सिटीजन फोरम के अध्यक्ष डॉक्टर एसी नागपाल, सीपी गुप्ता महासचिव, रोशन लाल मित्तल सह सचिव, विजय कुमार सिंगला कोषाध्यक्ष, जे एस छतवाल, आई एस बड़ेच, ओपी वता, डॉक्टर वत्स, रणबीर रामपाल, वी के बैरी, नरेंद्र ढींगरा, शुभम ढींगरा, धीरज गुलाटी, विशाल मदान, विवेक कक्कड़, विजेश एलावादी, अमित अरोड़ा, देवेन भाटिया, अनिल सिंगला, दिनेश अनेजा, दीपक चिब, अरुण गुप्ता, नरेश सिंगला, संजीव सेठ सहित शहर के अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

---



कुरुक्षेत्र। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सुरेंद्र सैनी।

### भाजपा संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करने में पूरी तरह फेल : सुरेंद्र सैनी

**कुरुक्षेत्र।** कांग्रेस ओबीसी सैल के जिला प्रधान सुरेंद्र सैनी ने आरोप लगाया है कि भाजपा ने वोट चोरी करके लोकतंत्र का हनन करने का काम किया है। भाजपा की वोट चोरी के आरोपों से चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हुए हैं। भाजपा संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करने में पूरी तरह फेल हुई है। भाजपा से प्रदेश की जनता का विश्वास उठ गया है। इसलिए देश की जनता भाजपा को शक की नजर से देख रही है। आने वाले चुनाव में भाजपा को देश की जनता सबक सिखाएगी। वे सोमवार को अपने कार्यालय में ओबीसी प्रकोष्ठ के कार्यकतार्ओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा में प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी ने हरियाणा के चुनाव में भाजपा द्वारा की गई वोट चोरी को सबूतों के साथ जनता के सामने रखा है। इससे साफ हो गया है कि भाजपा ने वोट चोरी करके सरकार बनाई है।

---

**कार्यक्रम** विजेताओं के लिए पुरस्कार की राशि की निर्धारित

*14 खेल शामिल किए, पुरुष और महिला वर्ग की अलग-अलग श्रेणियां होंगी*

## सांसद खेल महोत्सव युवाओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व को मजबूत करेगा : धर्मवीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह व अन्य।

कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव के सफल आयोजन के लिए हुई मीटिंग में विजेताओं के लिए सांसद नवीन जिन्दल द्वारा घोषित दो करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि को ब्लॉक, विधानसभा और लोकसभा स्तर पर, विजेताओं के लिए अलग-अलग नकद पुरस्कार राशि के रूप निर्धारित किया गया। इस महोत्सव में 14 खेल शामिल किए गए हैं, जिनमें पुरुष और महिला वर्ग की अलग-अलग श्रेणियाँ होंगी। ब्लॉक स्तर पर शूटिंग, एथलेटिक्स, कुश्ती, जूडो, स्किपिंग, बॉक्सिंग, तीरंदाजी और में खिलाड़ियों के लिए प्रथम पुरस्कार 2100 और द्वितीय पुरस्कार 1100 निर्धारित किया गया है।

### इस प्रकार किया जाएगा राशि का बंटवारा

क्रिकेट, हॉकी, वॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी और टग आफ वार में विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 21,000 और दूसरे स्थान पर आई टीम को 11,000 की राशि दी जाएगी। इसी प्रकार विधानसभा स्तर पर पुरस्कार राशि को बढ़ाते हुए प्रथम स्थान पर आने वाले खिलाड़ियों को 3100 और द्वितीय स्थान पर आने वालों को 2100 दिए जाएंगे। क्रिकेट, हॉकी, वॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी और टग आफ वार में विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 50,000 और दूसरे स्थान पर आई टीम को 25,000 की नकद राशि दी जाएगी। लोकसभा स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाली टीमों को तीन पुरस्कार दिए जाएंगे। इस स्तर पर पुरस्कार राशि सबसे अधिक रखी गई है। प्रथम स्थान पर 10,000, द्वितीय स्थान पर विजेताओं को 5,000 और तीसरे स्थान पर विजेताओं को 2100 की राशि दी जाएगी। टग आफ वार टीम को को प्रथम पुरस्कार 75,000, दूसरे स्थान पर 50,000 और तीसरे स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 21,000 की राशि दी जाएगी। इसके अलावा क्रिकेट व अन्य टीम खेलों के लिए प्रथम टीम को 1,00,000 और द्वितीय को 50,000 और तृतीय को 21,000 का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। उपरोक्त सभी पुरस्कारों के लिए नकद राशि की घोषणा करते हुए संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल स्वयं एक खिलाड़ी हैं। उनका मानना है कि खेलों के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व और अनुशासन की भावना विकसित होती है।

## खबर संक्षेप

### अधोया से 20 वर्षीय लड़की हुई लापता

**बराड़ा।** गांव अधोया से बीते दिवस एक 20 वर्षीय लड़की के लापता हो गई। लापता लड़की के पिता हरिराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव कालपी का रहने वाला है। उसकी पत्नी कविता पिछले कुछ महीने से कमर में फ्रैक्चर के कारण उपचाराधीन हैं। इसी वजह से वह अपने परिवार के साथ पिछले अढाई-तीन महीनों से गांव अधोया हिन्दवान अपनी ससुराल में रह रहा था। 8 नवंबर 2025 को सुबह करीब 5 बजे उसकी 20 वर्षीय लड़की ज्योति अपने दोस्त दीप निवासी गांव दादूपुर के साथ बिना बताए घर से कहीं चली गई।

### हत्या के प्रयास में 2 माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामलों में वांछित आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना नारायणगढ में दर्ज ऑपरेशन टेक डाउन'' के तहत हत्या के प्रयास के मामले में सीआईए-नारायणगढ़ ने 2 माह से फरार आरोपी गुरदीप सिंह उर्फ हर्ष को गिरफ्तार किया है। उसे चार दिन के रिमाड पर लिया गया है। गांव भूखड़ी के रहने वाले चक्षय ने 16 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई कि 15 सितंबर 2025 को गांव बाल्टी के पास आरोपी मनीष व अन्य ने उससे मारपीट की और जानलेवा हमला कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

### अफीम तस्करी में दूसरा आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज नशा तस्करी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी मनोज कुमार को गिरफ्तार किया है। इस मामलें में पंहले गिरफ्तार आरोपी दविंद्र उर्फ गोल्डी ने बतालाया कि मनोज कुमार भी इस मामले में संलिप्त है। सीआईए-1 निरीक्षक हरजिंद्र सिंह ने बताया कि 3 नवम्बर 2025 को पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है।

### 18 बोतल सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी के तोपखाना परेड से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी विशाल कुमार उर्फ बिल्ला को 18 बोतल अवैध शराब समेत काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी बिल्ला शराब की अवैध तस्करी करता है। इसी आधार पर पुलिस ने आरोपी को शराब समेत काबू किया है।

### वंदे मातरम पर जागरूकता सत्र आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** बाल कल्याण समिति के निदेर्शानुसार व कनवीनर डॉ सुषमा शर्मा के मार्गदर्शन में उदयन घर में बच्चों के साथ एक जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर इस राष्ट्रीय गीत के इतिहास और महत्व के बारे में बच्चों का ज्ञान वर्धन करना। इस सत्र में बच्चों को बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा लिखित वंदे मातरम् के इतिहास से परिचित कराया गया और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में इसके महत्व और आज भी इसकी प्रासंगिकता के बारे में जानकारी दी गई। सत्र के दौरान एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

### देश की पहली आजादी की लड़ाई के शहीद स्मारक पर रात में हुई लाइट की टेस्टिंग


# शहीद स्मारक के उंचे टावर पर रंग बिरंगी लाइटों ने पेश किया अद्भुत नजारा

*टावर पर कभी तिरंगे के रंगों की आभा दिखाई दी तो कभी क्रांति की प्रतीक आकृतियां जैसे तलवार और शौर्य की लपटें उभरती दिखीं। रोशनी के इस अद्भुत संगम ने स्मारक को मानो सजीव कर दिया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

देश की पहली आजादी की लड़ाई के शहीद स्मारक पर रात में शानदार लाइट टेस्टिंग की गई। इस दौरान स्मारक के ऊंचे टावर पर रंग-बिरंगी लाइटों से बने दृश्य देखकर लोगों को एक अद्भुत नजारा देखने को मिला। टावर पर कभी तिरंगे के रंगों की आभा दिखाई दी तो कभी क्रांति की प्रतीक आकृतियां जैसे तलवार और शौर्य की लपटें उभरती दिखीं। रोशनी के इस अद्भुत संगम ने स्मारक को मानो सजीव कर दिया। रविवार देर रात जब तकनीकी टीम ने लाइट टेस्टिंग शुरू की तो आसपास का पूरा इलाका रोशनी से नहा उठा। टावर पर 'क्रांति' और 'वीरता' को दर्शाने वाली आकृतियां जैसे तलवार, मशाल और स्वतंत्रता के प्रतीक रंग बार-बार उभरते दिखाई दिए। यह दृश्य इतना आकर्षक था कि आसपास से गुजरने वाले लोग रुककर इसे देखने लगे और अपने मोबाइल से तस्वीरें व वीडियो बनाने लगे।

लाइटिंग की इस टेस्टिंग का उद्देश्य टावर के फाइनल शोकेस से पहले रोशनी के संतुलन और पैटर्न को जांचना था। परियोजना से जुड़े इंजीनियरों ने बताया कि टावर की लाइटिंग को डायनामिक इल्यूमिनेशन सिस्टम" से नियंत्रित किया जा रहा है, जिससे विभिन्न थीम्स जैसे आजादी, बलिदान और एकता के अनुरूप लाइट प्रभाव तैयार किए जा सकेंगे। इस शहीद स्मारक का निर्माण अब अंतिम चरण में है। यह स्मारक 1857 की आजादी की पहली लड़ाई में शहीद हुए वीर सपूतों को समर्पित है।



अंबाला। शहीद स्मारक में लगे टॉवर पर लाइटिंग का दृश्य।

#### अंबाला स्वतंत्रता संग्राम स्मारक उद्घाटन

स्मारक का डिज़ाइन और थीम स्वतंत्रता संग्राम की भावना को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। स्मारक के पहले फेज का काम लगभग पूरा हो चुका है और इसका उद्घाटन इसी साल के अंत तक किया जा सकता है। इसके लिए मंत्री अनिल विज ने प्रधानमंत्री कार्यालय को चिट्ठी लिखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उद्घाटन के लिए आमंत्रित करने का अनुरोध किया है। यहां बन रहा यह स्मारक न केवल हरियाणा, बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का प्रतीक बनने जा रहा है। इसमें शहीदों की प्रतिमाएं, ऐतिहासिक झांकियां, 1857 की क्रांति से जुड़ी घटनाओं का वर्णन और एक भव्य टावर शामिल है, जो शहर के कई किलोमीटर दूर से भी दिखाई देगा। मंत्री अनिल विज ने बताया कि स्मारक में अत्याधुनिक साउंड एंड लाइट शो की भी व्यवस्था की जाएगी जो स्वतंत्रता संग्राम की कहानियों को दर्शाएगा। लाइट टेस्टिंग का यह दृश्य सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बन गया। स्थानीय लोगों ने कहा कि यह स्मारक अंबाला के गौरव को नई पहचान देगा। कई लोगों ने इसे देखकर कहा कि अब शहर में एक ऐसा स्थल बनकर तैयार हो रहा है, जो आने वाली पीढ़ियों को स्वतंत्रता संग्राम की याद दिलाएगा।

### पुलिस की कार्रवाई के बाद लोगों में मची अफरातफरी

## सट्टा खेलने व शराब बेचने वालों के खिलाफ चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला कैंट में रविवार देर रात पुलिस ने सट्टा खेलने और अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। तोपखाना चौकी इंचार्ज ने एसपी अजीत सिंह शेखावत के निर्देश पर तोपखाना बाजार, परेड ग्राउंड और भूर मंडी क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया। पुलिस की अचानक हुई इस कार्रवाई से देर रात पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। जैसे ही लोगों को पता चला कि पुलिस इलाके में छापेमारी कर रही है, सट्टा खेलने और अवैध शराब बेचने वालों में अफरा-तफरी मच गई। कई लोग अपनी दुकानें और ठिकाने छोड़कर भाग खड़े हुए। पुलिस ने बताया कि यह अभियान एसपी अजीत सिंह शेखावत के सख्त निर्देश पर चलाया गया है, ताकि कैंट क्षेत्र में बढ़ रहे अवैध धंधों पर अंकुश लगाया जा सके।

#### अंबाला पुलिस का सख्त अभियान

तोपखाना चौकी इंचार्ज विजय ने देर रात तक अपनी टीम के साथ इलाके के कई हिस्सों में दबिश दी। टीम ने गली-मोहल्लों और संदिग्ध ठिकानों पर जांच की। पुलिस ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। अंबाला कैंट थाना प्रभारी सुरिंदर सिंह ने बताया कि अवैध गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। यह अभियान पूरी तरह अपराध मुक्त माहौल बनाने के लिए चलाया जा रहा है। पुलिस ने स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे सट्टा खेलने या शराब बेचने जैसी अवैध गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। अंबाला कैंट में बढ़ती अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए अब पुलिस सख्त रुख अपनाने जा रही है।

## पटवारी व तहसील कर्मचारी कार्य लंबित न छोड़ें



**बराड़ा।** एसडीएम ने सोमवार को राजस्व विभाग के कर्मचारियों के साथ मीटिंग की, जिसमें उन्होंने इंतकाल, जमाबंदी, कोर्ट केसिस, स्टाम्प डयूटी, सीएम विंडो, मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल के साथ-साथ विभिन्न विभागों से जुड़ी परियोजनाओं व कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने लंबित पड़े कोर्ट केसो, इंतकाल और रजिस्टरी के जल्द निपटान के बारे में सख्त रूख अपनाते हुए कहा कि पटवारी और तहसील के कर्मचारी कोई भी काम पेडिंग न छोड़े। इस बैठक के दौरान एसडीएम ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने इंतकाल, ऑनलाईन जमाबंदी, स्टांप ड्यूटी, स्टांप रिकवरी, गिरदावरी, मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल के तहत जो भी शिकायत है उसका निवारण करने के निर्देश दिए। इस बैठक में नायब तहसीलदार आलमगीर, नायाब तहसीलदार मुलाना सतविंदर सिंह, ऑफिस क़ानूनगो सुशील कुमार व फील्ड क़ानूनगो सोनिया सहित अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## पीएम श्री केसरी स्कूल ने कुशल बिजनेस चैलेंज प्रतियोगिता में मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

खंड स्तरीय स्किल प्रतियोगिता कुशल बिजनेस चैलेंज 2.0 का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिलखनी के प्रांगण में बड़े ही उत्साह और प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार ने की जबकि विद्यालय की प्रधानाचार्या रविंद्र पाल कौर ने उनके मार्गदर्शन में आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर की गई।



बराड़ा। स्टाफ सदस्यों के साथ कार्यक्रम के विजेता स्टूडेंटस।

#### साहा ब्लॉक स्कूलों में उत्सव प्रतियोगिता

प्रधानाचार्या रविंद्र पाल कौर ने साहा ब्लॉक के सभी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों से आई टीमों का हार्दिक स्वागत किया और विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। साहा ब्लॉक के सभी स्कूलों से आई टीमों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता, व्यावसायिक दृष्टिकोण और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया।

### राजनीति में हार-जीत से बढ़कर जनता का विश्वास और स्नेह ही असली पूंजी

**कुरुक्षेत्र।** वार्ड नं. 32 के पार्षद सुधीर चुघ का कहना है कि राजनीति में हार-जीत से बढ़कर जनता का विश्वास और स्नेह ही असली पूंजी होती है। यह विश्वास उन्होंने अपने व्यवहार और सेवा भावना से अर्जित किया है। वार्ड नं. 32 के पार्षद सुधीर चुघ अपने सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और जनता से जुड़ाव के लिए पूरे क्षेत्र में बेहद लोकप्रिय हैं। चुनाव जीतने के बाद भी सुधीर चुघ का व्यवहार पहले जैसा ही विनम्र और सबके लिए समान बना हुआ है। पार्षद सुधीर चुघ की सबसे बड़ी खूबी यह है कि वे कभी यह नहीं देखते कि सामने वाला व्यक्ति किस पार्टी या विचारधारा से जुड़ा है- वे बिना भेदभाव के सबके सुख-दुख में शामिल होते हैं।

## 300 छात्रों की सेहत की जांच हुई

- कार्यक्रम में सिविल हॉस्पिटल से पीएमओ डॉ . पूजा ने बतौर चीफ गेस्ट शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राजकीय पीजी कॉलेज अंबाला कैंट में सिविल अस्पताल की तरफ से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के यूथ रेड क्रॉस व नेशनल सर्विस स्कीम की तरफ से किया गया था। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. देशराज बावजा ने कहा कि स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्देश्य छात्रों व फैकल्टी के स्वास्थ्य की जांच करना और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करना है। सिविल हॉस्पिटल से पीएमओ डॉ. पूजा ने बतौर चीफ गेस्ट शिरकत की।



अंबाला। मेडिकल चेकअप करवाते छात्र।

#### जांच शिविर से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी मिलती है

शिविर के संचालक डॉ. मालिका भियाना, डॉ. रणदीप सिंह, डॉ. पूनम धीमान और डॉ. ओमवीर ने बताया कि शिविर में लगभग 300 छात्रों और फैकल्टी ने स्वास्थ्य जांच करवाई। डॉ. देशराज बावजा ने कहा कि राजकीय पीजी कॉलेज छात्रों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस प्रकार के स्वास्थ्य जांच शिविर से छात्रों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी मिलती है। सिविल अस्पताल स्टाफ का सहयोग इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। शिविर के आयोजन में डॉ. रीटा, डॉ. निशा, डॉ. रवि अग्रवाल, डॉ. संदीप व डॉ. धर्मवीर की अहम भूमिका रही। कैंप में छात्रों, टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ और स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



## गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर अध्यात्मिकता व शांति का किया संचार

**बराड़ा।** श्री गुरु नानक देव का 556 वां प्रकाश पर्व अकाल अकादमी होली में बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे विद्यालय को फूलों, बैनरों और गुरु नानक देव के प्रेरणादायक उपदेशों से सुसज्जित किया गया, जिससे वातावरण में आध्यात्मिकता और शांति का संचार हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा मधुर शबद कीर्तन से की गई, जिसने पूरे परिसर को भक्ति रस से भर दिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने गुरु नानक देव के जीवन और शिक्षाओं पर आधारित कविताएं और विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गतका प्रदर्शन रहा, जिसमें पारंपरिक सिख युद्ध-कला, अनुशासन और साहस की झलक देखने को मिली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अरविंदर पाल कौर ओबरॉय और गुरदीप सिंह बजाज उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने विद्यार्थियों को गुरु नानक देव के जीवन से प्रेरणा लेने और उनके उपदेशों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या जसप्रीत कौर ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की तथा गुरु नानक देव के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

## सीसीटीवी फुटेज में कैद चोरी का आरोपी काबू, कई वारदातें सुलझी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के तोपखाना बाजार चौकी इलाके में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने न केवल आरोपी से चोरी किया गया सामान बरामद किया, बल्कि उससे पुरानी कई चोरी की वारदातों का भी खुलासा किया है।

दरअसल जरनैली चौकी के पास बने एक इलेक्ट्रॉनिक गोदाम में कुछ दिन पहले चोरी की वारदात हुई थी। इस गोदाम के आसपास सुनसान इलाका है, जिसका फायदा उठाकर आरोपी ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक शाहबाद के अभिषेक नाम का युवक देर रात गोदाम में घुसा और वहां से बिजली की मोटर, मेटल के नलके और अन्य सामान चोरी कर ले गया। जैसे ही चोरी की सूचना तोपखाना बाजार चौकी पुलिस को मिली, उन्होंने तुरंत मौके पर पहुंचकर फुटेज की जांच शुरू कर दी। फुटेज में आरोपी स्पष्ट रूप से चोरी करते हुए दिखाई दिया। इसके बाद पुलिस ने तकनीकी मदद से आरोपी की पहचान की और कई घंटों के भीतर ही उसे गिरफ्तार कर लिया।

#### आदतन चोर अभिषेक किया गिरफ्तार

पुलिस जांच में यह बात सामने आई कि गिरफ्तार आरोपी अभिषेक पहले भी चोरी की कई वारदातों में शामिल रहा है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने एक बाइक चोरी की वारदात भी कबूल की, जो कुछ सप्ताह पहले शहर में हुई थी। पुलिस ने आरोपी से चोरी का सारा सामान बरामद कर लिया है। तोपखाना चौकी इंचार्ज शमशेर सिंह ने बताया कि आरोपी अभिषेक आदतन चोर है और पुलिस के रिकॉर्ड में पहले से संदिग्ध के रूप में दर्ज था। उन्होंने बताया, आरोपी को सीसीटीवी फुटेज की मदद से पकड़ा है। उससे चोरी का सामान बरामद हुआ है और पुरानी चोरी की वारदातें भी उसने स्वीकार की हैं।

## दर्शकों को दी वैज्ञानिक सिद्धांतों की गहराई से जानकारी



बराड़ा। विजेताओं को सम्मानित करते हुए कॉलेज स्टाफ।

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में दैनिक जीवन में विज्ञान की भूमिका विषय पर एक विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपने प्रयोगों के माध्यम से यह दर्शाया कि विज्ञान हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है और यह समाज के विकास में कितना उपयोगी सिद्ध हो रहा है। छात्राओं ने विद्युतचुंबकीय प्रभाव, नकली धुआं रसायन, संरचना शक्ति, एंटी-ग्रेविटी व्हील, लावा लैंप और गैसों की घुलनशीलता जैसे विषयों पर अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए, जिनसे दर्शकों को वैज्ञानिक सिद्धांतों की गहराई से जानकारी मिली। कॉलेज प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क ने इस अवसर पर छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'विज्ञान न केवल हमारे दैनिक जीवन की समस्याओं के समाधान प्रस्तुत करता है, बल्कि यह ब्रह्मांड के गूढ़ रहस्यों को उजागर करने का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि विज्ञान समाज के सर्वांगीण विकास में सुधार और नवाचार का सबसे बड़ा साधन है।

### मंत्री अनिल विज ने मुक्केबाज हरनूर कौर को यूथ एशियन गेम्स में रजत पदक जीतने पर दी बधाई



**अंबाला।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने गांव शाहपुर अंबाला छावनी की महिला मुक्केबाज हरनूर कौर को बेहरीन में संपन्न हुई यूथ एशियन गेम्स 2025 में मुक्केबाजी प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने पर पदक प्रदान कर सम्मानित किया तथा प्रोत्साहन स्वरूप 11 हजार रुपए अपने स्वैच्छिक कोष से प्रदान किए। विज ने हरनूर कौर से बातचीत की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक सुविधाएं प्रदान कर रही है। इसके अलावा, अंबाला छावनी में खेल के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया गया है, जिससे स्थानीय खिलाड़ियों को वैश्विक स्तर पर पहचान मिल रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### विद्यालय में लौटने पर दिव्यांश का भव्य स्वागत किया गया

# खिजरपुरा के दिव्यांश ने स्टेट गेम्स में जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

रोहतक में आयोजित हुए स्टेट गेम्स में राजकीय प्राथमिक पाठशाला खिजरपुरा के दिव्यांश ने कुश्ती स्पर्धा के अंडर-11 आयु वर्ग में कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। स्टेट गेम्स में कांस्य पदक जीतने पर दिव्यांश को सरपंच अनिल कुमार ने शानदार उपलब्धि पर बधाई दी। वहीं, विद्यालय में लौटने पर उसका भव्य स्वागत किया। मुख्य शिक्षक सुरजीत सिंह ने बताया कि दिव्यांश ने अंडर-11 आयु वर्ग में कुश्ती के शानदार दाव-पेंच दिखाते हुए कांस्य पदक हासिल किया। इससे पहले दिव्यांश ने जिला स्तर पर आयोजित हुई कुश्ती में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्टेट गेम्स में जगह बनाई थी। हालांकि सेमीफाइनल मुकाबले में दिव्यांश ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन वह फाइनल में पहुंचने से चूक गया। उन्होंने दिव्यांश की उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। विद्यालय में शारीरिक शिक्षा व खेलों को बढ़ावा देने के लिए बच्चों को निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। दिव्यांश की इस सफलता से विद्यालय में खुशी का माहौल है और अन्य विद्यार्थियों को भी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिली है।



#### बीआर स्कूल के छात्र ने कराटे प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक



**कुरुक्षेत्र।** बीआर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र निश्चयजीत ने हरियाणा ओलंपिक्स में कराटे इवैंट में स्वर्ण पदक हासिल कर अपने विद्यालय के नाम को चार चाँद लगा दिए। गौरतलब है कि यह कराटे इवैंट हरियाणा ओलंपिक्स के तहत 4 नवंबर से 7 नवंबर तक प्रताप स्पोर्टस स्कूल, खरखोदा, सोनीपत में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में पूरे हरियाणा से विभिन्न विद्यालयों से 304 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया था। इस कराटे इवैंट का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष मोहन लाल बडाली के द्वारा किया गया था। ओलंपिक्स गेम्स में कुरुक्षेत्र जिले से 228 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें 9 स्वर्ण पदक लेकर कुरुक्षेत्र की टीम ने प्रथम स्थान पर रहकर अपने जिले का नाम रोशन किया। हरियाणा ओलंपिक गेम्स 2 नवंबर से 8 नवंबर तक चली। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के द्वारा किया गया। इसमें पूरे हरियाणा से 8000 छात्रों ने हिस्सा लिया। निश्चयजीत द्वारा स्वर्ण पदक जीतने पर पूरे विद्यालय में खुशी की लहर है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन कमेटी के चेयरमैन दीपक चोपड़ा ने विजेता छात्र को हार्दिक बधाई दी। प्राचार्या पूजा कंबोज ने छात्र को शुभाशीष दिया और अन्य छात्रों को उक्त छात्र की तरह खेलों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।